एक नजर

इस साल जन्मदिन नहीं मनाऊंगा: महंत

रायपुर 12 दिसंबर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता डॉ. चरणदास महंत ने इस वर्ष अपना जन्मदिन (13 दिसंबर) नहीं मनाने का भावुक फैसला लिया है। हाल ही में परिवार के मुखिया और कुछ भाई जैसे प्रिय मित्रों को खोने के गहरे सदमे के कारण उनका दिल बहुत उदास है, जिसके चलते उन्होंने यह निर्णय लिया है। यह उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही उनके बेहद करीबी प्रदेश कांग्रेस नेता सुभाष धुप्पड़ का निधन हुआ था, जिसने उनके दुख को और बढ़ा दिया है। डॉ. महंत ने अपने सभी शुभचिंतकों और समर्थकों से विनम्र अपील की है कि वे उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलने न आएं। उन्होंने कहा है कि वे जहाँ हैं, वहीं से उन्हें दिल से शुभकामनाएँ दें।

इंदिरा कला संगीत विवि को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग

रायपुर 12 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने राजनांदगाँव संसदीय क्षेत्र के खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग की है। भाजपा सांसद श्री पाण्डेय ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह विषय उठाते हुए कहा कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में खैरागढ़ स्थित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा है। यह विश्वविद्यालय 14 अक्टूबर, 1956 से स्थापित है और इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में पूरा सम्मान मिलना चाहिए। यह हमारे शास्त्रीय संगीत व नृत्य कला को समर्पित एशिया का पहला विश्वविद्यालय है, जिसमें कत्थक भरतनाट्यम लोक संगीत सहित अनेक विधाओं की शिक्षा दी जाती है। इस संस्थान में विदेशी छात्र-छात्राएँ भी अध्ययनरत हैं, अतः इसको केंद्रीय विश्वविद्यालय दर्जा दिया जाए।

एनटीपीसी के तलाईपल्ली कोयला खदान की सुरक्षा का काम सीआईएसएफ ने संभाला

रायपुर, 12 दिसंबर । देश की महत्वपूर्ण अवसंरचना सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती प्रदान करते हुए, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने रायगढ़ स्थित एनटीपीसी तलाईपल्ली कोयला खनन परियोजना की सुरक्षा जिम्मेदारियाँ औपचारिक रूप से संभाल ली हैं। यह हस्तांतरण की 362वीं इकाई का गठन है, जिसे भारत के सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कैप्टिव कोल ब्लॉक्स में से एक पर तैनात किया गया है। स्वीकृत 265 पदों के विरुद्ध 101 प्रशिक्षित कार्मिकों की प्रथम चरण की तैनाती पूरी कर ली गई है। आगे की चरणबद्ध तैनाती, खदान के विस्तार और अवसंरचना विकास के अनुरूप की जाएगी। परियोजना स्थल पर आयोजित गरिमामय समारोह में सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों और राष्ट्रीय थर्मल पावर कॉर्पोरेशन के नेतृत्व ने औपचारिक कार्यभार सौंपने की प्रक्रिया में भाग लिया। इस अवसर पर, एनटीपीसी तलाईपल्ली के परियोजना प्रमुख श्री अखिलेश सिंह ने नवनिर्मित इंट्रूडर इकाई की 'सिक्योरिटी की' केंद्रीय सेक्टर मुख्यालय, भिलाई की महानिरीक्षक श्रीमती नीलिमा रानी सिंह को सौंपकर परियोजना सुरक्षा की आधिकारिक जिम्मेदारी हस्तांतरित की। इस अवसर पर केंद्रीय जोन मुख्यालय, भिलाई के उप महानिरीक्षक श्री दया शंकर तथा केंद्रीय सेक्टर मुख्यालय, भिलाई की उप महानिरीक्षक श्रीमती प्रियाली शर्मा भी उपस्थित रहीं।

एसआईआर को लेकर भाजपा और कांग्रेस कर रहे मंथन

रायपुर, 12 दिसंबर। राज्य में एसआईआर को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता इस समय घर-घर जाकर दस्तक दे रहे हैं। वहीं बीएलओ भी लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। इधर भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की तिथि 18 तक बढ़ा दी है। भाजपा कार्यालय में भी इसको लेकर मंथन चल रहा है। राजधानी में इस समय एसआईआर को लेकर राजनीतक दल के कार्यकर्ता मतदाता एवं बीएलओ परेशानी का मुख्य कारण मतदाता सूची में 2003 में नाम होना है। कई वार्डों में विवाहिता स्त्री एक स्थान से दूसरे स्थान पर चली गई है।

एल्यूमिनियम के बर्तनों के उपयोग पर रोक के बावजूद खरीदी के लिए टेंडर

बच्चों की सेहत के लिए बेहद खतरनाक

रायपुर 12 दिसंबर। रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने एक प्रेसवार्ता में बताया कि, एल्यूमिनियम के बर्तनों में भोजन पकाने का दुष्परिणाम देखे गए हैं। स्वास्थ्य पर होने वाल दुष्परिणामों के चलते न्यायालय ने इस पर रोक लगाया हुआ है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत एल्यूमिनियम के बर्तन खरीदने के लिए छत्तीसगढ़ में सरकार ने प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसे नियमों के अनदेखी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विकास उपाध्याय ने बताया कि केंद्र सरकार की स्पष्ट गाइडलाइन के बावजूद एल्यूमिनियम सामग्री के उपयोग पर रोक को दरकिनार कर अपने चहेते फर्मों को लगातार लाभ दिलाने का मामला सामने आया है जो पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

सुप्रीम कोर्ट की नाराज़गी के बाद भी सीख नहीं मिली है। दूसरी ओर हाल ही में स्पोर्ट्स किट के टेंडर पर उच्चतम न्यायालय ने पुनः-टेंडर का आदेश दिया था। एल्यूमिनियम बर्तनों का उपयोग बच्चों के लिए स्वास्थ्य जोखिम बन सकता है।केंद्र के निर्देशों को नजरअंदाज कर जारी टेंडरों को लेकर अभिभावकों और सामाजिक संगठनों ने चिंता जताई है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि–पोषण योजना में भी यदि अनियमितता हो जाए तो यह सीधे बच्चों के भविष्य पर चोट है।

भारत सरकार ने पीएम पोषण योजना में एल्यूमिनियम के बर्तनों के उपयोग से बचने के निर्देश दिए थे, क्योंकि इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसके बावजूद राज्य में एल्यूमिनियम आधारित सामग्री का टेंडर जारी कर दिया गया।

विकास उपाध्याय ने कहा कि यह लड़ाई किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और व्यवस्था की ईमानदारी को बचाने के लिए है।

यदि टेंडरों को निजी संपत्ति समझकर बांटा जाएगा, तो यह लोकतंत्र नहीं– लूटतंत्र होगा। और इस लूटतंत्र का अंत होना ही चाहिए। इस मामले ने साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री की मंशा को भी यहां की सरकार पलीता लगाने से नहीं चूक रही,, विकास उपाध्याय ने मांग की है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ के मामले में जिस तरीके से निर्देशों की अनदेखी की जा रही है उसको देखते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय को हस्तक्षेप करना चाहिए।

आरोप है कि पिछले वर्षों से इन्हीं फ र्मों को लाभ मिलता रहा है, जबकि अन्य योग्य और कम दर वाले सप्लायर्स तकनीकी शर्तों या अतिरिक्त योग्यता मानकों के नाम पर बाहर कर दिए जाते हैं।

विकास उपाध्याय ने दावा किया है कि शर्तें इस तरह गढ़ी गई कि केवल चुनिंदा फर्म ही पात्र बन सकें, और इसके लिए बच्चों की सेहत को भी ताक पर रख दिया गया है कई शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि विभाग के कुछ प्रभावी अधिकारियों, चुनिंदा ठेकेदारों और सत्ता के बेहद नजदीक माने जाने वाले कुछ व्यक्तियों के बीच गहरे गठजोड़ से टेंडर प्रक्रियाओं को प्रभावित किया जा रहा है।

सरकार बिजली बिल में राहत देने के बजाय लूटने में लगी है: कांग्रेस

रायपुर 12 दिसंबर। भाजपा सरकार बिजली बिल के नाम पर जनता को लूट रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार ने बिजली के दाम चार बार बढ़ा दिया। 400 यूनिट हाफ योजना को बंद कर दिया। स्मार्ट मीटर लगा दिया इन सबसे बिजली के दाम बेतहाशा बढ़ गए, जनता परेशान है। सरकार, जनता को राहत देने के बजाय अब बिजली के दामों में 12 प्रतिशत वित्तुत ईंधन अधिभार (एफपीपीएस) के रूप में अतिरिक्त चार्ज इस महीने से लगाने जा रही, इससे बिजली के दाम एक बार फिर से बढ़ेंगे। कांग्रेस, सरकार के इस निर्णय का विरोध करती है। सरकार, कोयले का सेस कम होने के कारण बिजली का दाम कम तो नहीं कर रही, ऊपर से एक नया टैक्स लगा रही।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि 400 यूनिट तक छूट को आधी करके 200 यूनिट किया, उसमें भी यह शर्त लगा दिया गया कि खपत 400 यूनिट से अधिक होते ही सारी छूट, राहत, रियायत पूरी तरह खत्म। ऊपर से सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाकर अधिक वसूली कर रहे है। अधिक मुनाफाखोरी के लालच में यह सरकार अनाप-शनाप बिजली बिल वसूलने के लिए नए नए पैंतरे अपना रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है, स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का यह अधिकार है कि अपनी वास्तविक खपत को जान सके। चेक मीटर का प्रावधान पहले से ही था, लेकिन यह सरकार अपनी लूट पर परदेदारी करने के लिए चेक मीटर लगाने और मीटर चेक करवाने उपभोक्ताओं से 1000 और 1500 रुपए शुल्क लेने का प्रावधान कर दिया गया है, यदि मीटर में गड़बड़ी का आरोप उपभोक्ता लगा रहे हैं, तो उसे मुफ्त में चेक किया जाए, किसी भी तरह से अतिरिक्त शुल्क अनुचित है।

राजधानी के विभिन्न स्थानों में शीतलहर से बचने नगर निगम ने की अलाव की व्यवस्था

रायपुर, 12 दिसंबर। प्रदेश की राजधानी रायपुर शहर में शीतलहर से आमजनों को सुरक्षा और त्वरित राहत देने नगर पालिक निगम के जोन कार्यालयों के माध्यम से जयस्तम्भ चौक के समीप, रेल्वे स्टेशन के पास, मेकाहारा परिसर, पुराना बस स्टेण्ड पंडरी, महोबा बाजार हॉट बाजार, नेताजी सुभाष स्टेडियम परिसर, बड़ा अशोक नगर, रोटरी नगर, टाटीबंध चौक के समीप सहित राजधानी शहर में लगभग 30 से भी अधिक विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की प्रतिदिन नियमित व्यवस्था दी जा रही है। रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नरों द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारियों के माध्यम से महादेवघाट रायपुरा और महोबा बाजार हॉट बाजार, मेकाहारा परिसर, पुराना बस स्टेण्ड पंडरी चंगोराभाटा बाजार, ब्रम्हदेईपारा,शिक्षक कॉलोनी डंगनिया, खमतराई चौक के पास, जयस्तम्भ चौक के पास, रायपुर जिलाधीश परिसर के सामने डॉ भीम राव अम्बेडकर प्रतिमा स्थल चौक के पास, नेताजी सुभाष स्टेडियम परिसर के पास, मोतीबाग, डंगनिया पानी टंकी स्कूल के समीप, शंकर नगर चौपाटी, तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव, अंतर राज्यीय बस स्टैण्ड भाठागांव, भाठागांव चौक के समीप, कुकरीपारा, दुधाधारी मठ मार्ग, सरोना, चंदनीडीह, कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2, हीरापुर, , नगर पालिक निगम जोन 9 कार्यालय परिसर के समीप मोवा, नगर निगम जोन 10 कार्यालय और अन्य लगभग 30 से भी अधिक विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थानों में आमजनों को शीतलहर से रायपुर शहर क्षेत्र में सुरक्षा और त्वरित राहत देने सार्वजनिक अलाव जलाने की प्रतिदिन नियमित व्यवस्था दी जा रही है। शीतलहर की सम्पूर्ण अवधि के दौरान आमजनों को राहत देने जोन कार्यालयों के माध्यम से प्रतिदिन नियमित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने की प्रतिदिन नियमित व्यवस्था दी जा रही।

वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली में भाग लेने कांग्रेसी दिल्ली रवाना

रायपुर 12 दिसंबर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 14 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट चोर गद्दी छोड़' महारैली में रायपुर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्ण उत्साह के साथ भाग लेंगे। यह महारैली लोकतंत्र की रक्षा, चुनावी धांधली के खिलाफ जनआंदोलन और जनन्यायक राहुल गांधी जी के नेतृत्व में संविधान की मर्यादा बहाल करने का ऐतिहासिक मंच बनेगी।

रायपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुमार शंकर मेनन एवं रायपुर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में आज रायपुर जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ट्रेन मार्ग से दिल्ली रवाना हुए। यह दल महारैली में छत्तीसगढ़ की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण संकल्पबद्ध है। श्री मेनन एवं श्री बंजारे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह रैली न केवल चुनावी अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएगी, बल्कि देश भर से आने वाले लाखों साथियों के साथ मिलकर सत्ता के दुरुपयोग को उजागर करेगी। रायपुर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुमार शंकर मेनन ने हाल ही में आयोजित बैठक में सभी ब्लॉक अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों, मोर्चा-प्रकोष्ठ अध्यक्षों एवं वरिष्ठ नेताओं को अधिकतम संख्या में भागीदारी का अपील किया था। जिलाध्यक्ष द्वय ने स्पष्ट किया कि यह महारैली पार्टी के संगठनात्मक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें छत्तीसगढ़ से हजारों कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे।

कांग्रेस कार्यकर्ता 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे के साथ दिल्ली पहुंचकर राहुल गांधी जी के नेतृत्व में लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का संकल्प दोहराएंगे। दिल्ली रवाना होने वाले प्रमुख कांग्रेस नेता रायपुर शहर ग्रामीण जिलाध्यक्ष द्वय श्रीकुमार शंकर मेनन राजेन्द्र पप्पू बंजारे शिव सिंह ठाकुर सतनाम सिंह पनाग देवेंद्र यादव रितेश त्रिपाठी शैरेन्द्र देवांगन उत्तम साहू मनोज राय डॉ अनु साहू अमितेश भारद्वाज आकाशदीप शर्मा ब्रह्मा सोनकर पूर्व पार्षद अनवर हुसैन नंदकुमार पटेल भूमिका ध्रुव गौरव मिश्रा लक्ष्मन सेन अनिल वर्मा ईश्वर चक्रधारी विक्की ठाकुर सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ट्रेन मार्ग से दिल्ली रवाना हुए।

PICTURE-

रायपुर, 12 अक्टूबर। जिला स्तरीय युवा उत्सव में युवाओं ने संगीत व गायन की प्रस्तुति दी

धान खरीदी टोकन लिमिट बढ़ाने सौंपा ज्ञापन

रायपुर 12 दिसंबर। भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने बेमेतरा जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों एवं मंडियों का निरीक्षण कर किसानों से मुलाकात की। निरीक्षण के दौरान सभी किसानों ने एक ही समस्या सामने रखी–धान का टोकन नहीं कट पा रहा है और टोकन लिमिट बहुत कम है, जिससे किसानों को भारी परेशानी हो रही है।◦ किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने तत्काल कलेक्टर, जिला बेमेतरा से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की और किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा।

कलेक्टर से की मुलाकात कर मांग की है कि प्रतिदिन धान खरीदी की क्रिंटल लिमिट बढ़ाई जाए, जिले के 129 धान उपार्जन केन्द्रों में सॉफ्टवेयर लिमिट कम होने के कारण किसानों के धान की खरीदी प्रभावित हो रही है। ऑनलाइन एवं ऑफ्लाइन टोकन लिमिट बढ़ाई जाए

किसानों का टोकन नहीं कट पा रहा है, जिससे लंबी प्रतीक्षा और आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।3. उपार्जन केन्द्रों की नियमित मॉनिटरिंग हो अधिकारियों को प्रतिदिन निरीक्षण कर किसानों की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिया जाए। हमारी भाजपा की सरकार है, किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

रायपुर के मंत्रालय में प्रवेश के लिए नई व्यवस्था होगी लागू

रायपुर 12 दिसंबर। रायपुर के मंत्रालय में प्रवेश को लेकर नई व्यवस्था लागू होने जा रही है, जिसमें कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए पास सिस्टम और स्वागतम पोर्टल की भूमिका और बढ़ जाएगी।? मंत्रालय (इंद्रावती/महानदी भवन आदि) में प्रवेश के लिए सामान्य प्रशासन विभाग नई गाइडलाइन लागू कर रहा है।? गाइडलाइन के तहत HOD भवन के कर्मचारियों के लिए जीएडी अलग से पास जारी करेगा, उसी के आधार पर मंत्रालय में एंट्री मिलेगी।? 31 जनवरी 2026 के बाद मंत्रालय में प्रवेश के लिए केवल जीएडी द्वारा जारी यह पास ही मान्य होगा, अन्य पुराने/अस्थायी पास मान्य नहीं रहेंगे? जिन कर्मचारियों का काम मंत्रालय से जुड़ा है, उन्हें समय रहते पास बनवाने और उसे साथ रखकर आने के निर्देश दिए गए हैं? HOD भवन के कर्मचारियों को मंत्रालय में प्रवेश के लिए ष्ट गेट से एंट्री दी जाएगी, ताकि सुरक्षा और मॉनिटरिंग दोनों सुचारु रहे।?मंत्रालय के गेट सुबह 9:00 बजे से रात 8:00 बजे तक खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे निर्धारित समय सीमा में ही आवाजाही संभव होगी।? स्वागतम पोर्टल के माध्यम से आम नागरिक और आगंतुक पहले से ऑनलाइन आवेदन कर मंत्रालय में प्रवेश के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

डीएसपी पर गंभीर आरोप लगाने वाले दीपक टंडन के खिलाफ जारी हुआ गिरफ्तारी वारंट

रायपुर 12 दिसंबर। कल्पना वर्मा डीएसपी पर गंभीर आरोप लगाने वाले दीपक टंडन के कारनामे अब सामने आने लगे हैं. इसी बीच खबर है कि 420 के आरोपी दीपक टंडन उर्फअंबेडकर टंडन के खिलाफ कोरबा की एक कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है. लल्लूराम डॉट कॉम को मिली जानकारी के मुताबिक दीपक उर्फ अंबेडकर टंडन पर 2,800,000 रुपए के फ्रॉड का आरोप है.आपको बता दें कि

आरोपी दीपक टंडन उर्फ अंबेडकर टंडन

वहीं आरोपी है जिसने डीएसपी कल्पना वर्मा को करीब 2 करोड़ रुपए के गिफ्ट और प्यार में झांसा देने जैसे गंभीर आरोप लगाए थे. उक्त दीपक टंडन ने लल्लूराम को कथित रूप से एक वाट्सअप नंबर पर हुए Chat और Video (कुल 51) फोटोज-वीडियो उपलब्ध कराएं, लेकिन बाद में उसे डिलीट कर दिया. जानकारी के मुताबिक उनकी पत्नी बरखा टंडन के खिलाफ डीएसपी कल्पना वर्मा के पिता ने 40 लाख रुपए के लेन-देन फ्रॉड के आरोप लगे और ये मामले कोर्ट में लंबित है, इसी बीच दीपक टंडन ने तमाम स्क्रीन शार्ट और कथित वीडियो पत्रकारों को उपलब्ध कराएं. सूत्रों के मुताबिक कोरबा की जिस कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है वहां आज 12 दिसंबर को आरोपी दीपक टंडन उर्फ अंबेडकर टंडन को पेश होना है. ये गिरफ्तारी वारंट न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कटघोरा, जिला कोरबा कु. रंजू वैष्णव की कोर्ट द्वारा जारी किया गया है.

विराट हिन्दू सम्मेलन में हजारों की संख्या में जुटे हिन्दू

रायपुर 12 दिसंबर। राजधानी रायपुर के अग्रसेन चौक भैसस्थान मैदान में गुरूवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का कार्यक्रम हिन्दू जागरण समिति रामसागर पारा रायपुर के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न बस्तियों और विभिन्न सामाजो के द्वारा अलग अलग जगहों से शोभा यात्रा, सेवा जसगान करते हुए कार्यक्रम स्थान पर पहुंचे। वहीं शिव नगर शितला माता मंदिर से कलश यात्रा निकाला गया था जिसमें 200 महिलाओं हिन्दू जागरण के लिए बजरंग नगर आमापारा होते हुए कार्यक्रम स्थल तक बाजे गाजे के साथ पहुंचे वहीं कलश यात्रा में बच्चों को भगवान कृष्ण का रूप देकर आकर्षण का केंद्र बनाया गया था वहीं अलग अलग बस्तियों से लोग पहुंचे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी नित्य, बागेश्वर धाम सरकार का रूप धारण कर हिन्दू जगते बच्चे दिखे, वही बच्चों द्वारा नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया

गया। हिन्दू सम्मेलन मे हजारों की संख्या मे हिन्दू एक जुट हुए और जय जय श्री राम के नारे लगे।

आज के समय मे संयुक्त परिवार समाप्त होते जा रहा है जिस अवधारणा को लेते हुए और पपरिवार में एक साथ रहने के संदेश को बताते हुए सयुंक्त परिवार जहां आज भी 12 लोग एक साथ रहते है और इनके घर में एक चूल्हा जलाया जाता है ऐसे व्यक्ति विजय सोनी का सम्मान किया गया है।

संत वेद प्रकाश महाज ने कहा कि आज हम 21वी सादी मे कदम रख चुके है कई संतो ने कहा है की यह सदी हिंदुत्व की सदी है। हमने अपने मान बिन्दुओ को रखा के लिए अनेको लड़ाई लड़ी है हम सब हिन्दू प्राचीन समय से एक है छुआछूत, भेदभाव कही नहीं था, यह तो अंग्रेजो और मुगलो का रणनिति है की हिन्दुओं को तोड़ने की है। सनातन धर्म में जन्म लेना गौरव की बात है यह स्व का बोध है अन्य भूमि जो है भोज की भूमि है भारत भूमि ही त्याग की भूमि है राम मंदिर 500 वर्षों के बाद स्थापित हुआ है जो प्रत्येक हिन्दुओं के लिए गौरव की बात है। हर हिन्दू भाइयों के माथे पर टिका होना चाहिए। हर बहनो के गले पर भगवा वस्त्र होना चाहिए, क्योंकि किसी भी व्यक्ति को अगर देखों अगर उसके माथे पर टिका लगता होता है और वह भगवा वस्त्र धारण किये होते है तो उस पर हम आसानी से भरोसा कर लेते है। संत महंत राम सुन्दरदास ने कहा कि आज के इस विराट हिन्दू सम्मेलन भारत वर्ष के प्रचारक के रूप मे अतुल लिमये है छत्तीसगढ़ की पवन धारा में इनका स्वागत करता हूं और रायपुर के रामसागर पारा मे यह शुभारभ आपने किया है और भविष्य मे ऐसा आयोजन होना है। भारत ऋषि और कृषि की भूमि है। गौ माता हमारे लिए पूजनीय है किसी भी प्राणी के उधार के लिए गौ माँ आवश्यक है हमारे पूर्वज गाय की सहायता से खेती किसानी करते आये है आज के समय में यह ट्रेक्टर और हार्वेस्टर जैसे गाड़ी आये है. गाय का दूध, गाय का दही, गाय का गोबर, और गौ मूत्र का अलग महत्व होता है। आरएसएस 100 वर्ष पूरा कर चूका है और लगातार 100 वर्षों से सामाजिक समरसता के लिए कार्य करता आया है इस वर्ष संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है आप जब भी अपने बच्चों का जन्म दिन मनाये तो अपने बच्चों को एक पौधा जरूर लगवाएं. साथ ही पुण्य तिथि पर भी यह कार्य किया जाना चाहिए। भव्य श्रीराम का मंदिर अयोध्या में बना जो हम सब के लिए बहुत गौरव की बात है। पांच परिवर्तन कहने से नहीं होगा हमें अपने जीवन मे इसे उतरना भी चाहिए।

रायपुर को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की मांग

रायपुर 12 दिसंबर। नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला ने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को पत्र लिखकर कहा है कि रायपुर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया जाये क्योंकि गोवा देश का सबसे छोटा राज्य होने के बाद भी इंटरनेशनल एयरपोर्ट है एवं वहां केवल 40 विधानसभा सीट है फिर भी इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, जबकि छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा सीटें है तथा उड़ीसा तथा झारखंड के लिए छत्तीसगढ़ सबसे बड़ा व्यापारिक केन्द्र है फिर भी यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट नहीं है। यहां के हज यात्रियों को हज के लिए नागपुर एयरपोर्ट जाना पड़ता है। अतः आपसे आग्रह है कि छत्तीसगढ़ के रायपुर एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया जाये । 2. अभी हाल में बिहार में हुए चुनाव में एन.डी.ए. को ऐतिहासिक विजय मिली है जो कि हरियाणा व महाराष्ट्र में भी नहीं मिली। आपने बिहार की जनता से चुनाव के दौरान वादा किया है कि बिहार में ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्री लगाई जायेगी। ये वादा आपको पूरा करना है एवं नीतिश कुमार मुख्यमंत्री ने 5 वर्ष में 1 करोड़ रोजगार देने का वादा किया है। यह तभी संभव है जब बिहार में इंडस्ट्री लगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26